# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक :– सम्बद्धता/9209
दिनांक :– 04.12.2020

**अनुस्मारक**

सेवा में

**सचिव/प्राचार्य,**
**समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,**
**जनपद सहारनपुर**
**चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।**

**विषयः–** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बन्धित विद्यालयों/महाविद्यालयों के अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांकः सम्बद्धता/7552, दिनांक 21.09.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध जनपद सहारनपुर के समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों को निर्देशित किया गया था कि संस्थान/महाविद्यालयों को अग्निशमन विभाग द्वारा प्राप्त प्रमाण की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त के सम्बन्ध में अगवत कराना है कि कतिपय महाविद्यालयों द्वारा अद्यतन भी उपरोक्त अभिलेख विश्वविद्यालय को उपलब्ध नहीं कराए गये है। जिस पर मा0 कुलपति महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

अतः मा0 कुलपति महोदय के आदेशानुसार आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि संस्थान/महाविद्यालय को अग्निशमन विभाग द्वारा प्राप्त अग्निशमन प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति दिनांक 15.12.2020 तक अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ज्ञातव्य है कि उक्त प्रकरण मा0 सर्वोच्च न्यायालय से सम्बन्धित है अतः त्वरित कार्यवाही अपेक्षित है।

भवदीय,

03.12.2020

कुलसचिव

**प्रतिलिपिः–**

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
02. मुख्य अग्निशमन अधिकारी, सहारनपुर को उनके कार्यालय पत्रांकः अ0सु0/सीएफओ (सहा0)–2020, दिनांक 29.08.2020 के सन्दर्भ में सूचनार्थ।
03. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
04. प्रभारी वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता)

Vivt.(87)